धान का समर्थन मूल्य 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा, कपास का 557 रुपये

2026-27 खरीफ विपणन मौसम के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 72 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है, जिसकी घोषणा भारत सरकार ने 13 मई, 2026 शाम को की।

धान की सामान्य व ग्रेड ए किस्मों का एम एस पी क्रमशः 2,441 रुपये प्रति क्विंटल व 2,461 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि 2025-26 खरीफ विपणन मौसम के दौरान यह 2,369 रुपये प्रति क्विंटल और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल था। मक्का का समर्थन मूल्य केवल 10 रुपये बढ़ाकर 2,410 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

दलहनों में तुअर/अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़कर 8,450 प्रति क्विंटल हो गया है। उड़द और मूंग का समर्थन मूल्य क्रमशः 400 रुपये व सिर्फ़ 12 रुपये बढ़ाकर 8,200 रुपये प्रति क्विंटल व 8,780 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

खरीफ तिलहनों में नाईजरसीड (रामतिल) का एम एस पी 515 रुपये बढ़ाकर 1,0052 रुपये प्रति क्विंटल व तिल का एम एस पी 500 रुपये बढ़ाकर 10,346 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। मूंगफली का समर्थन मूल्य 254 रुपये बढ़कर 7,517 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। सोयाबीन (पीली) का एम एस पी 380 रुपये बढ़ाकर 5,708 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

मध्यम और लंबे रेशे वाली कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 557 रुपये बढ़ाकर क्रमशः 8,267 रुपये प्रति क्विंटल और 8,667 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

2026-27 खरीफ विपणन मौसम में सरकारी खरीद के लिए फ़सलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य

फ़सल	2026-27 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	2025-26 के लिए एम एस पी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (रुपए/कुइंटल)	बढ़ौतरी (प्रतिशत)
धान (सामान्य)	2,441	2,369	72	3.04%
धान (ग्रेड ए)	2,461	2,389	72	3.01%
ज्वार (हाइब्रिड)	4,023	3,699	324	8.76%
ज्वार (मलदंडी)	4,073	3,749	324	8.64%
बाजरा	2,900	2,775	125	4.5%
रागी	5,205	4,886	319	6.53%
मक्का	2,410	2,400	10	0.41%
तुअर (अरहर)	8,450	8,000	450	5.33%
मूंग	8,780	8,768	12	0.13%
उड़द	8,200	7,800	400	5.13%
मूंगफली	7,517	7,263	254	3.5%
सूरजमुखी के बीज	8,343	7,721	622	8.06%
सोयाबीन (पीली)	5,708	5,328	380	7.13%
तिल	10,346	9,846	500	5.08%
नाइजरसीड	10,052	9,537	515	5.4%
कपास (मध्यम रेशा)	8,267	7,710	557	7.22%
कपास (लंबा रेशा)	8,667	8,110	557	6.87%